पत्रांक....1897..../आर0ओ0 सिग्नल

संचिका सं0-W-R-544-2011/R.O. Sig.

बिहार पुलिस मुख्यालय

(संचार प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक- 15-12-2020

विषयः- पुनर्नीलामी निविदा सूचना संख्या-01/2020-21/एम0टी0ओ0 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि पुनर्नीलामी निविदा सूचना संख्या-01/2020-21/एम0टी0ओ0 की प्रतियाँ भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य एवं राज्य के बाहर के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाए। साथ ही पी0आर0डी0 वेबसाईट तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट पर भी प्रसारित करने की कृपा की जाये।

अनु0:- यथोपरि।

विश्वासभाजन,

15/12/2020

(कृष्ण मुरारी सिन्हा)
पुलिस अधीक्षक(वितंतु)
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः-1. पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन), बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाये।

2. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट biharpolice.bih.nic.in पर भी प्रसारित किया जाये।

15/12/2020

पुलिस अधीक्षक(वितंतु)
बिहार, पटना।

बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, बेली रोड, पटना।

पुनर्नीलामी निविदा सूचना संख्या–01/2020–21/एम0टी0ओ0

1. विभाग का नाम– पुलिस मुख्यालय (संचार प्रभाग)
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः– पुलिस अधीक्षक (वितंतु) बिहार, पटना बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय,सरदार पटेल भवन ई0 ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नं0–612 बेली रोड पटना।
3. निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः– निविदा प्रकाशित की तिथि से किसी कार्य दिवस से दि0–29/12/2020 समय–15:00 बजे तक
4. निविदा समर्पित करने का स्थानः– पुलिस उपाधीक्षक(प्रशि0) का कार्यालय बिहार पुलिस रेडियो टी0एक्स0भवन राजवंशी नगर बेली रोड पटना–23
5. नीलामी के लिए निविदा विवरणी प्राप्त करने का स्थानः– परिवहन शाखा बिहार पुलिस रेडियो टी0एक्स0 भवन राजवंशी नगर बेली रोड पटना–800023
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक–29/12/2020 को 16:00 बजे पुलिस अधीक्षक (वितंतु) बिहार, पटना बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय,सरदार पटेल भवन ई0 ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नं0–612 बेली रोड पटना।
7. मद का नामः–

बिहार पुलिस रेडियो संगठन के बेली रोड राजवंशीनगर स्थित टी0एक्स0 भवन प्रांगन में (जहॉ और जिस हालत में) रद्द तीन अद्द सरकारी मोटर साईकिल जिसकी विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त किये जा सकते हैं। नीलामी हेतु सामानो का नाम एवं अद्द एवं इनकी प्रति अद्द न्यूनतम मूल्य सूची में अंकित है। न्यूनतम निर्धारण मूल्य से कम मूल्य की निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। नीलामी की जाने वाली वाहनों का प्रकार, रजिस्ट्रेशन संख्या एवं नीलामी की न्यूनतम निर्धारित राशि निम्न प्रकार है।

क्रमांक	नीलामी की जाने वाली वाहनों का नाम (प्रकार)	रजिस्ट्रेशन संख्या	नीलामी की न्यूनतम निर्धारित राशि(रूपये) में
1	मोटर साईकिल	BR 1J -8134	रू0 3000/–
2	मोटर साईकिल	BR 1J -8137	रू0 3000/–
3	मोटर साईकिल	BR 1J -6778	रू0 3000/–

<u>निविदा का शर्तः–</u>

निविदा के साथ निम्नांकित कागजातों को संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी।

1 निविदाकर्ता फर्म का बिहार वाणिज्यकर (GST) निबंधन का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

2 निविदाकर्ता फर्म का (PAN) की छायाप्रति।

3 अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।

4 निविदाकर्ताओं को निविदा के साथ रू0 1000/–(एक हजार) रूपये मात्र मूल्य का अग्रधन NSC अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो पुलिस अधीक्षक(वितन्तु) बिहार, पटना के नाम Pledged रहेगा को संलग्न करना होगा। असफल निविदाकर्ताओं को यह अग्रधन वापस कर दिया जाएगा। सफल निविदाकार्ता यदि तीन दिनों के अन्दर नीलामी हेतु अनुमोदित राशि के आधार पर कुल वांछित राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करेगें तो उनका अग्रधन को जप्त कर लिया जाएगा। नीलामी हेतु सभी वाहनों के लिए निविदाकर्ताओं को अपनी निविदा में अलग–अलग दर अंकित करना होगा।

5 उपर्युक्त शर्तो के अधीन प्राप्त होने वाले निविदाओं के आधार पर निविदित अधिकतम मूल्य वाले निविदाकर्ताओं की निविदा को सफल निविदाकर्ता माना जाएगा। सफल निविदाकर्ताओं को वाहनों की अनुमोदित मूल्य की राशि का बैंक ड्राफ्ट तीन दिनों के अन्दर " Pay to S.P. (wireless), Bihar Patna and Payable at patna " के नाम से जमा करना होगा। इसके बाद ही वाहनों को जहॉ और जिस हालत में है, वहॉ से निविदाकर्ताओं को अपने खर्च पर तीन दिनों के अन्दर ले जाना होगा।

6 किसी भी कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में उपर्युक्त वर्णित वाहनों का अवलोकन किया जा सकता है।

7 इस विज्ञापन को पुलिस विभाग के बेवसाईट biharpolice.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

8 अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द घोषित कर दे।

15/12/2020

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।